

# विप्र कला-वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय

जी. ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)

# "विप्रारोह"

## Monthly E-Bulletin September 2024

पंजीयन क्र. 17951

मासिक अंक सितम्बर २०२४

## वाणिज्य संकाय द्वारा शिक्षक दिवस एवं प्रवेशोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह के साथ वाणिज्य संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य हैं और इन विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान विद्यार्थियों के मन में शिक्षक के प्रति श्रद्धा और विश्वास जागृत करता है ,वहीं शिक्षक भी सम्मानित होकर अपने दायित्व का अनुभव करता है । इस प्रकार शिक्षक दिवस विद्यार्थी और अध्यापकों को जोड़ने का कार्य करें,तो सभी विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है और तभी विद्यार्थी भविष्य के आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में अपना सहयोग दे सकते हैं ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन सर्वप्रथम शिक्षक थे और राष्ट्र निर्माण में शिक्षक के भूमिका बेहतर तरीके से समझते थे। इसलिए शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करने के लिए शिक्षक दिवस मनाने की बात कही। बाद में उनके जन्मदिवस 5 सितंबर को ही संपूर्ण भारत शिक्षक दिवस मना कर शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करता है ।इसके बाद डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा ,डॉ. आराधना शुक्ला और मोहित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अपनी बात रखी कि टीचर और स्टूडेंट का संबंध क्लासरूम का होता है ,इसलिए सभी विद्यार्थी नियमित कक्षा में उपस्थित होकर एकाग्र और समर्पित भाव से अध्ययन ङ्अध्यापन कर अपने जीवन में सफल होने से ही सही अर्थों में शिक्षकों का सम्मान कर सकते हैं ।इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने शिक्षको का तिलक लगाकर और आरती उतार कर स्वागत एवं अभिनंदन किया ।शिक्षक दिवस समारोह के उपरांत वाणिज्य संकाय के सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और जूनियर की मांग पर सॉन्ग डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपना परिचय दिया और बेझिझक होकर सीनियरों की मांग पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिखाए । दो घंटे मस्ती और उत्साह के माहौल के बाद स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी सीनियर ने जूनियर से अध्ययन अध्यापन में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे ।विद्यार्थियों को विभिन्न खिताब से सम्मानित भी किया गया।







## कंप्यूटर साइंस के छात्रों द्वारा टीचर्स को किया गया सम्मानित।

विप्र कॉलेज में 5 सितंबर को कंप्यूटर साइंस के बच्चों द्वारा टीचर्स डे का सेलिब्रेशन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा कई तरह के गेम्स टीचर्स के लिए कराए गए सभी टीचर्स का सम्मान किया गया ।शिक्षकों ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और धन्यवाद दिया।







# सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में डॉ. मेघेश तिवारी हुए, सम्मानित

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के प्रथम चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के अवसर पर विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया।

डॉ .मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी के आशीर्वाद से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अंचल में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को भी सम्मानित किया ।




# विप्र कॉलेज इंटरकॉलेज पुरुष फुटबॉल में बना, चैंपियन





राज्य शासन के उच्चशिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटरकॉलेज पुरुष फुटबॉल का आयोजन श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 24 सितंबर से शुरू हुआ। इसमें 11 कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज विप्र कॉलेज और यू टी डी के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में विप्र कॉलेज ने यू टी डी को 3-2 से पराजित किया। विप्र कॉलेज लगातार तीसरी बार राज्य शासन के उच्चशिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटरकॉलेज पुरुष फुटबॉल में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

# एन एस एस दिवस में एन एस एस स्वयंसेवक द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम





## पोस्टर निर्माण कार्यक्रम एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत थीम के तहत एन.एस.एस.

गांधी जयंती के अवसर पर एनएसएस सेल द्वारा पोस्टर निर्माण कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसकी थीम स्वच्छता और सद्भावना थी जिसमें कॉलेज के 30 स्टूडेंट ने पार्ट लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।





## बी एड द्वारा शिक्षक दिवस समारोह

## कॉमर्स संकाय के अलुमनी अंशु जॉयस्वाल द्वारा ग्रंथालय के बुक बैंक मे कॉमर्स की पुस्तके डोनेट करते हुए



# एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

विप्र कॉलेज मे 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर NSS द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा केंपस की सफाई और वृक्षारोपण किया गया।







# कंप्यूटर डिपार्टमेंट द्वारा प्रवेशोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

विप्र कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह 21 सितंबर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर एवम विज्ञान संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य हैं और इन विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। सभी विद्यार्थियों अपने शिक्षकों से उचित मार्ग दर्शन ले साथ ही साथ अपने सीनियर से भी सहयोग ले। विद्यार्थी भविष्य के आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं। आप सभी विद्यार्थियों का भविष्य उज्वल हो। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को नियमित कक्षा में उपस्थित होने को कहा जिसे आप सभी विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा सरलता से पास कर सकते है। साथ ही उन्होंने कहा की कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का उचित उपयोग कर अपना ज्ञान का विकास कर सकते है। जिससे अपने जीवन में सफल हो सके। इसके बाद सभी कंप्यूटर व विज्ञान संकाय के सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और जूनियर की मांग पर सॉन्ग डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपना परिचय दिया और बेझिझक होकर सीनियरों की मांग पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाए । जूनियर्स के परफॉर्मेंस के आधार पर बी सी ए प्रथम सेमेस्टर के अनुष्का झा को मिस फ्रेशर और हर्ष साहू को मिस्टर फ्रेशर चुना गया । बी एस सी प्रथम सेमेस्टर के किशन साहू को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के सुमन बाघमार को मिस फ्रेशर और रूपानंद मिरी को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। दो घंटे मस्ती और उत्साह के माहौल के बाद स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी सीनियर ने जूनियर से अध्ययन अध्यापन में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।





# हिंदी दिवस पर छात्रों द्वारा कविता पाठ

महाविद्यालय द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर इंटर क्लास कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने सहभागिता दिखाई देश भक्ति के जज्बे को अपनी कविता से बया किया गया तो वही नारी की व्यथा, वर्तमान समय में नारी को उसकी शक्ति से परिचित कराते हुए कविता प्रस्तुत की गई. तो वही युवा आंखों के सपनों को आसमान छूने की ख्वाहिश को व्यक्त किया गया. सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ





## प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित की गई





## ई बुलेटिन विमोचन



## वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा मोटिवेशनल मूवी शो का आयोजन किया गया। फिल्म का शीर्षक - 12वीं फेल





## 22 सितंबर 2024 वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए छात्रों का पीपीटी प्रेजेंटेशन सत्र आयोजित किया गया।





## आगामी गतिविधियां

| | | |
|---|---|---|
| 05 से 06 | व्हॉली वॉल (महिला) | शा.शिक्षा विभाग |
| 07 से 10 | कबड्डी (महिला) | शा. शिक्षा विभाग |
| 10/10/24 गुरूवार | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (तात्कालिक भाषण) | निर्देशन एवं परामर्श |
| 11 से 13 | दशहरा अवकाश | शा.शिक्षा विभाग |
| 14/10/24 सोमवार | अतिथि व्याख्यान | आई.सी.टी सेल |
| 15/10/24 मंगलवार | वर्ल्ड स्टूडेंट डे/अब्दुल कलाम जयंती | समस्त विभाग |
| 17 से 18 | कबड्डी (महिला) | शा. शिक्षा विभाग |
| 26/10/24 शनिवार | कबड्डी (पुरुष) | शा. शिक्षा विभाग |
| 28/10/24 | त्रैमासिक परीक्षा | |
| 30/10/24 बुधवार | स्टॉफ काउंसिल बैठक | समस्त विभाग |
| 30 से 2 नवंबर | दीपावली अवकाश | समस्त विभागा |

## महाविद्यालय की गतिविधियाँ बनी दैनिक अखबारों की सुर्खियाँ



अंतर महाविद्यालय फुटबाल स्पर्धा में यूटीडी को हराकर विप्र कालेज बना विजेता



विप्र कॉलेज में हुआ दीक्षारंभ समारोह



महंत ने कहा कि, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी एक अच्छे राजनेता द्वारा ही किया जा सकता है, उनके कहे कथन सब को प्रेरणा देते हैं।

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में डॉ. मेघेश तिवारी हुए, सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के प्रथम चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के अवसर पर विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया। डॉ .मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अंचल में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

**'B' GRADE ACCREDITED BY NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDIATION COUNCIL (NAAC) (19TH JUL 2023 TO 18TH JUL 2028)**

**Recognised by Higher Education, UGC and NCTE and Permanently Afiliated to Pt. Ravishankar Shukla, Raipur (C.G.)**

✿ COMMERCE ✿ MANAGEMENT ✿ SCIENCE ✿ COMPUTER ✿ EDUCATION ✿ PHYSICAL EDUCATION ✿ YOGA

E-mail : vipracollge1996@gmail.com, Visit us : www.vipracollege.org

संपादक मण्डल :- डॉ. विवेक कुमार शर्मा, श्रीमती प्रणिता शर्मा, डॉ. कंचन मिश्रा, श्रीमती अपूर्वा शर्मा

विशेष सहयोग : एलुमनी एसोसिएशन, विप्र महाविद्यालय रायपुर